I/103949/2023

उत्तराखण्ड शासन,
उच्च शिक्षा अनुभाग–3
संख्याः 245 / XXIV-C-3 / 2023–13(50)2018(Comp no 44644),
देहरादून, दिनांकः 02 मार्च, 2023

कार्यालय ज्ञाप

देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002(उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 04 वर्ष 2002) की धारा 26 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट, शान्तिकुन्ज, हरिद्वार द्वारा "प्रथम परिनियमावली" के संबंध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव को उपान्तण के साथ "देव संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली, 2023" के नाम से राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

Signed by Madan Mohan Semwal
Date: 02-03-2023 15:32:00
(एम0एम0 सेमवाल)
अपर सचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार को देव संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली, 2023 की प्रति सहित।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
3. गार्ड फाईल।

Generated from eOffice by MAYANK BISHT, SO-MB, SECTION OFFICER, Higher Education Department on 02/03/2023 04:47 PM

देव संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली, 2023

राज्यपाल, देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम 2002 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 04 वर्ष 2002) की धारा 26 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए देव संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली बनाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

अध्याय–एक
प्रारंभिक

संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारम्भ

1. (1) इस परिनियमावली का संक्षिप्त नाम देव संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली, 2023 है।

(2) यह तुरंत प्रवृत्त होगी।

परिभाषायें

2. (1) जब तक कि विषय या सन्दर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस परिनियमावली में–

(क) 'शैक्षिक परिषद' से विश्वविद्यालय की शैक्षिक/विद्या परिषद अभिप्रेत है;

(ख) 'अधिनियम' से देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 अभिप्रेत है;

(ग) 'नियुक्ति प्राधिकारी' से कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव व वित्त अधिकारी के सम्बन्ध में कुलाधिपति तथा शेष पदों के सम्बन्ध में कुलपति अभिप्रेत है;

(घ) 'प्रशासनिक कर्मी' से विश्वविद्यालय के ऐसे कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय, इसके संघटक महाविद्यालयों, विभागों, क्षेत्रीय केन्द्रों व अध्ययन केन्द्रों में प्रशासनिक कार्यों के लिए नियुक्त किये गये हैं, अभिप्रेत है।

(ङ) 'संकाय' से विश्वविद्यालय का संकाय अभिप्रेत है;

(च) 'धारा' से देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 की धारा अभिप्रेत है।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(छ) "श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट" से शांतिकुंज, हरिद्वार स्थित पंजीकृत न्यास अभिप्रेत है;

(ज) 'अध्यापक' से आचार्य, सह–आचार्य, सहायक आचार्य या ऐसे अन्य व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे विश्वविद्यालय या किसी घटक महाविद्यालय में शिक्षण प्रदान करने या शोध कार्य के संचालन के लिए नियुक्त किया गया है और इसके अन्तर्गत घटक महाविद्यालय का प्राचार्य भी सम्मिलित है;

(झ) 'विश्वविद्यालय' से देव संस्कृति विश्वविद्यालय, गायत्री कुंज–शान्ति कुंज, हरिद्वार अभिप्रेत है;

(ण) "प्रवेश तथा शुल्क नियामक समिति" से उत्तराखण्ड अनानुदानित निजी शिक्षण संस्थाओं (प्रवेश तथा शुल्क निर्धारण विनियम) अधिनियम, 2006 (यथा संशोधित) की धारा 4 की उपधारा (1) के अंतर्गत गठित समिति अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है, किन्तु, देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 में परिभाषित है, वही अर्थ होगें जो उस अधिनियम में है।

अध्याय–दो

विश्वविद्यालय के अधिकारी

कुलाधिपति

3. कुलाधिपति की निम्नलिखित शक्तियॉ होगी, अर्थात्:–

(1) कुलाधिपति अपने पद के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रमुख होगें तथा विश्वविद्यालय के समस्त कृत्यों के प्रभारी होगें।

(2) कुलाधिपति, किसी ऐसे मामले पर विचार करते समय जो उन्हें संदर्भित किया गया हो अथवा स्वप्रेरणा से, विश्वविद्यालय से ऐसे अभिलेख अथवा सूचना माँग सकता है, जिसे वह आवश्यक समझे, और किसी अन्य मामले में कोई भी अभिलेख अथवा सूचना विश्वविद्यालय से माँग सकता है।

(3) जब कुलाधिपति विश्वविद्यालय से कोई अभिलेख अथवा सूचना माँगता है, तो कुलसचिव का यह कर्त्तव्य होगा कि वह ऐसे अभिलेख अथवा सूचना कुलाधिपति को तत्परता से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव

(4) यदि कुलाधिपति की राय में कुलपति जान–बूझकर अधिनियम के प्रावधानों की उपेक्षा करता है अथवा उनका पालन करने से इन्कार करता है अथवा स्वयं में निहित शक्तियों का दुरुपयोग करता है और यदि कुलाधिपति को ऐसा प्रतीत होता है कि कुलपति का अपने पद पर बना रहना विश्वविद्यालय के हितों के लिए हानिकारक है तो कुलाधिपति, कुलपति को निलंबित कर सकता है और ऐसी जाँच करने के उपरान्त जैसा वह उचित समझे एवं उसे सुनवायी का अवसर देने के बाद, आदेश द्वारा कुलपति को उसके पद से हटा सकता है।

(5) कुलाधिपति यदि उपस्थित हो, तो उपाधियाँ वितरित करने हेतु विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह तथा अन्य समस्त बैठकों, जिन्हें वह उचित समझे, की अध्यक्षता करेगा और उक्त के सन्दर्भ में ऐसी शक्तियाँ जो कि आवश्यक हों, को प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(6) कुलाधिपति को यह अधिकार होगा कि वह व्यवस्थापक मण्डल को पर्यवेक्षक अथवा पर्यवेक्षकों को नामित करने हेतु निर्देश दे जो कि समय–समय पर कुलाधिपति के परामर्श एवं निर्देशों के अधीन ऐसी नीति एवं प्रारूप निर्धारित करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रबन्ध मण्डल, शैक्षिक (विद्या) परिषद्, वित्त समिति तथा वर्तमान परिनियमों में एतद्पश्चात दर्शित ऐसे अन्य प्राधिकरण, विश्वविद्यालय में समुचित प्रशासन एवं अध्ययन हेतु कार्य करेंगे एवं प्रस्ताव पारित करेंगे।

(7) कुलाधिपति विश्वविद्यालय के अधिकारियों (समूह 'क' एवं 'ख') के नियुक्ति एवं अनुशासनात्मक प्राधिकारी के साथ अन्य पदों के लिए अपीलीय अधिकारी होंगे।

(8) कुलाधिपति, विश्वविद्यालय के किसी भी अधिकारी/अधिकारियों/कर्मचारी/कर्मचारियों, बोर्ड/बोर्डों, समिति/समितियों अथवा संस्था/संस्थाओं से किसी भी प्रकृति की सूचना/सूचनाओं और अभिलेख/अभिलेखों को माँगने और ऐसे मामलों में जैसा वह ठीक समझे, पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के निर्देश जारी करने के लिए सक्षम होगा।

(9) किसी कारण से कुलाधिपति की अनुपस्थिति में कुलाधिपति द्वारा नामित व्यक्ति स्थानापन्न कुलाधिपति के रूप में कार्य करेगा:

परन्तु यह कि ऐसा स्थानापन्न कुलाधिपति, किसी भी वैधानिक शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

कुलपति

4. (1) कुलपति की नियुक्ति कुलाधिपति द्वारा तीन व्यक्तियों की उस सूची में से की जाएगी, जिसकी संस्तुति अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (2) के अनुसार गठित की गयी समिति द्वारा की गयी हो:

परन्तु कारणों का उल्लेख करते हुए यदि सूची में से किसी नाम को कुलाधिपति अनुमोदित नहीं करता है, तो वह तीन व्यक्तियों की नई सूची (पूर्व संस्तुत सूची के अतिरिक्त), समिति से माँग सकता है और सूची में अंकित व्यक्तियों के नामों पर विचार कर कुलाधिपति जिस भी व्यक्ति को उचित समझे, कुलपति नियुक्त कर सकता है।

(2) कुलपति की नियुक्ति राज्य अधिनियम या विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए उपनियमों/अध्यादेशों/नियमों द्वारा निर्धारित पात्रता, सेवा शर्तों और प्रक्रियाओं, जो कि यूजीसी/विनियामक निकास के विनियम/निर्देशों के अनुरूप होगें, के अनुसार की जायेगी।

(3) कुलपति की कार्यावधि में किसी भी समय यदि कुलाधिपति यह अनुभव करता है और उसका यह समाधान हो जाता है कि वह व्यक्ति जो कुलपति के पद को ग्रहण किए हुए है, अधिनियम, परिनियमों, नियमों और विनियमों के अधीन दिये गये निर्देशों के अनुसार, उसे सौंपे गए कर्त्तव्यों का निर्वहन नहीं कर पा रहा है अथवा विश्वविद्यालय का प्रशासन ऐसे व्यक्ति द्वारा दक्षता से नहीं चलाया जा रहा है एवं/अथवा दक्षता से नहीं चलाया जा सकता है, तो ऐसे व्यक्ति को उसकी कार्यावधि समाप्त होने से पूर्व भी पद रिक्त करने/जाँच/कारण बताओ नोटिस हेतु निर्देशदे सकता है।

(4) कुलपति के पास किसी भी संघटक महाविद्यालय/संस्था/संकाय से जैसा कि वह उचित समझे अध्यापन, परीक्षा, शोध, वित्त अथवा अन्य किसी का जो कि अध्यापन के अनुशासनिक अथवा दक्षता को प्रभावित करता हो अथवा अन्य किसी प्रकृति से जुड़े हुए मामले से संबंधित, कोई भी ऐसे अभिलेखों अथवा सूचनाओं को माँगने की शक्ति होगी।

(5) यदि कुलपति का पद मृत्यु, पदत्याग, कार्यवधि की समाप्ति अथवा अन्य किसी कारण से रिक्त होता है अथवा अस्वस्थता के कारण या अन्य किसी कारण से वह अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन कर पाने में असमर्थ है, तो प्रतिकुलपति अथवा कुलाधिपति द्वारा नामित कोई व्यक्ति कुलपति के कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा और किसी अन्य मामले में प्रति–कुलपति/वरिष्ठतम प्राध्यापक कुलपति के कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा, जब तक कि नया कुलपति पदभार ग्रहण नहीं करता अथवा जब तक कि वर्तमान कुलपति को उसके कार्यालय के कर्त्तव्यों को करने की अनुमति नहीं दी जाती, जैसा भी मामला हो, ऐसी व्यवस्था

2016
(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

एक वर्ष से अधिक के लिए नहीं होगी।

(6) कुलपति प्रबन्ध मण्डल, शैक्षिक परिषद्, नियुक्ति समिति, परीक्षा समिति, प्रवेश समिति, वित्त समिति का पदेन अध्यक्ष तथा व्यवस्थापक मण्डल का पदेन सचिव होगा।

(7) कुलपति का वेतन एवं अन्य परिलब्धियाँ ऐसी होंगी जैसी विश्वविद्यालय के विनियमों/नियमों/राज्य अधिनियम/अध्यादेशों में निर्धारित की गयी हों।

(8) विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकारियों के अध्यक्ष के रूप में कुलपति सदस्य अध्यक्ष होंगे किन्तु मतदान के पात्र नहीं होंगे:
परन्तु मत बराबर होने की दशा में या किसी भी मामले में कुलपति मतदान करने का विकल्प चुन सकते हैं।

(9) कुलपति का यह कर्त्तव्य होगा कि वह सुनिश्चित करे कि अधिनियम, परिनियमों, नियमों तथा विनियमों का पालन उचित प्रकार से एवं निष्ठापूर्वक हो।

(10) कुलपति विश्वविद्यालय के कार्यकलापों पर नियंत्रण रखेगा और विश्वविद्यालय के प्रधिकारियों के निर्णयों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा।

(11) कुलपति विश्वविद्यालय के अधिकारियों (समूह ग व घ) के नियुक्ति एवं अनुशासनात्मक अधिकारी होगें। कुलपति के पास विश्वविद्यालय अथवा उसके संघटक महाविद्यालयों/संस्थाओं में अनुशासनिक कार्यों के समुचित प्रबन्धन हेतु समस्त आवश्यक शक्तियाँ होंगी और वह ऐसी किसी भी शक्ति को, ऐसे प्राधिकारी को जिसे वह उचित समझे प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(12) कुलाधिपति की पूर्वानुमति से कुलपति अधिनियम तथा परिनियमों के अधीन जैसे और जब आवश्यक हो, समस्त बोर्डों, संकायों, समितियों अथवा प्राधिकरणों का गठन करेगा अथवा करवा सकेगा।

प्रतिकुलपति

5. (1) प्रतिकुलपति की नियुक्ति कुलपति द्वारा कुलाधिपति के पूर्वानुमोदन के आधार पर की जा सकेगी।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(2) प्रतिकुलपति के रूप में नियुक्त किया जाने वाला व्यक्ति एक अच्छा शिक्षाविद्, अच्छी प्रतिष्ठा वाला, निःस्वार्थ भावना से कार्य करने के लिए समर्पित व्यक्ति हो।

(3) प्रति–कुलपति की नियुक्ति राज्य अधिनियम या विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए विनियमों/नियमों/अध्यादेश द्वारा निर्धारित अवधि के लिए की जाएगी:

परन्तु प्रतिकुलपति जिसका कार्यकाल समाप्त हो गया है, पुनर्नियुक्ति हेतु अर्ह होगा।

(4) प्रति–कुलपति का वेतन एवं अन्य परिलब्धियाँ ऐसी होंगी जैसी विश्वविद्यालय के विनियमों/नियमों/अधिनियम/अध्यादेशों में निर्धारित की गयी हों।

(5) प्रतिकुलपति, ऐसे मामलों के संबंध में कुलपति की सहायता करेगा जो कि समय–समय पर इस संबंध में प्रबन्ध मण्डल द्वारा विनिर्दिष्ट किये गये हों एवं ऐसी शक्तियों का प्रयोग भी करेगा तथा ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा जो कि उसको कुलाधिपति अथवा कुलपति द्वारा सौंपे गए हों।

संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक)

6. (1) संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) की नियुक्ति कुलपति द्वारा संकायों/परिसरों में प्राध्यापकों में से तीन वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी और वह पुनः नियुक्ति के लिए अर्ह होगा।

(2) संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) का कार्यकाल जब तक कि प्रबन्ध मण्डल द्वारा इससे पूर्व ही पर्यवसित न कर दिया गया हो, तीन वर्ष का होगा। यदि संकायाध्यक्ष के पद की कोई आकस्मिक रिक्ति उत्पन्न होती हो तो वरिष्ठतम आचार्य और जहाँ संकाय में कोई आचार्य उपलब्ध न हो तो संकाय में वरिष्ठतम सह–आचार्य संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) के कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा। विश्वविद्यालय के संकाय/स्कूल के संकायाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) के अधीन कार्य करेंगे।

(3) कोई भी व्यक्ति, उस पद को छोडने के उपरांत, जिसके द्वारा उसने संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) का पद धारण किया था, संकायाध्यक्ष के रूप में नहीं बना रहेगा।

(4) अवधि, जिसके दौरान एक अध्यापक ने संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) के पद को धारण किया है, कि संगणना के उद्देश्य के लिए;

(क) ऐसी अवधि जिसके दौरान ऐसे अध्यापक को विश्वविद्यालय के

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

किसी अधिकारी अथवा किसी न्यायालय के आदेश द्वारा संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) के पदभार ग्रहण करने अथवा बने रहने से रोका गया हो, अपवर्जित की जायेगी;

(ख) ऐसी अवधि, जिसके दौरान किसी अध्यापक को विश्वविद्यालय या किसी अधिकारी अथवा किसी न्यायालय के आदेश के अंतर्गत संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) के पद को धारण करने के लिए अनुज्ञात किया गया हो और अंतिमतः यह पाया गया हो कि वह उस अवधि के दौरान ऐसा पद धारण करने हेतु विधिक रूप से हकदार नहीं था, की गणना उसके संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) पद के कार्यकाल में की जाएगी और जब उसकी बारी भविष्य में आएगी;

(5) संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) के निम्न कर्त्तव्य एवं शक्तियाँ होंगी–

(क) वह संकाय मण्डल की समस्त बैठकों की अध्यक्षता करेगा और मण्डल द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा।

(ख) वह संकाय की वित्तीय एवं अन्य आवश्यकताएँ वित्त अधिकारी एवं कुलपति के संज्ञान में लाने के लिए उत्तरदायी होगा।

(ग) वह पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं एवं संकाय के विभागों की अन्य संपत्तियों की उचित अभिरक्षा एवं रख–रखाव के लिए आवश्यक उपाय करेगा।

(घ) उसे अपने संकाय से ताल्लुक रखने वाली शैक्षिक परिषद् की किसी भी बैठक में उपस्थित रहने एवं संबोधित करने का अधिकार होगा, लेकिन जब तक वह शैक्षिक परिषद् का सदस्य न हो, उसे मतदान का अधिकार नहीं होगा।

कुलसचिव

7. (1) कुलसचिव की नियुक्ति कुलाधिपति द्वारा इस उद्देश्य हेतु गठित चयन समिति की संस्तुति पर की जाएगी एवं वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा। वह अपना पदभार, कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिए ग्रहण करेगा।

(2) कुलसचिव की योग्यता और सेवा शर्तें/वेतन/मानदेय ऐसा होगा जैसा विश्वविद्यालय के अधिनियम/अध्यादेश/विनियमों /नियमों में निर्धारित किया गया हो एवं यूजीसी/विनियामक निकाय के विनियम/दिशा–निर्देशों के अनुरूप हो।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(3) जब कुलसचिव का पद रिक्त हो अथवा जब कुलसचिव अस्वस्थता के कारण, अनुपस्थिति अथवा अन्य किसी कारण से अपने पदभार के दायित्वों का निर्वहन करने में असमर्थ हो, तो उस पदभार के दायित्वों का निर्वहन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे इस निमित्त कुलपति नियुक्त करें।

(4) कुलसचिव प्रबन्ध मण्डल और शैक्षिक परिषद् का पदेन सचिव होगा, परन्तु इन प्राधिकरणों में उसे मतदान का अधिकार नहीं होगा।

(5) अधिनियम एवं परिनियमों के प्रावधानों के अधीन कुलसचिव समूह 'ग' एवं 'घ' के पदों के लिए नियुक्ति और अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्राधिकारी होगा।

विश्वविद्यालय का कोई कर्मचारी जो उपरोक्त कथित संदर्भित आदेश से व्यथित हो, अनुशासन समिति को ऐसे आदेश की उस पर तामील की दिनांक से पंद्रह दिन के भीतर अपील कर सकता है। ऐसी अपील पर समिति का निर्णय अंतिम होगा।

(6) अधिनियम के प्रावधानों के अधीन, कुलसचिव के निम्न कर्त्तव्य होंगे–

(क) विश्वविद्यालय की समस्त संपत्ति एवं अभिलेखों का अभिरक्षण करना।

(ख) संबंधित सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से विभिन्न प्राधिकारियों की बैठक आयोजित करने हेतु सूचना निर्गत करना और समस्त ऐसी बैठकों का कार्यवृत्त रखना।

(ग) विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों की बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ जैसे ही वे जारी हों एवं ऐसी बैठकों का कार्यवृत्त एवं कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय से माँगे गए कोई अभिलेख अथवा सूचनाओं को कुलाधिपति के समक्ष प्रस्तुत करना।

(घ) शैक्षिक परिषद् और प्रबन्ध मण्डल के शासकीय पत्र व्यवहार करना।

(ङ) कुलाधिपति, कुलपति अथवा विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकारणों अथवा निकायों जिनके कि वह सचिव के रूप में कार्य करता हो, के आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ऐसी समस्त शक्तियों का प्रयोग करना जो कि आवश्यक अथवा समीचीन हों।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(च) विश्वविद्यालय के पक्ष अथवा विपक्ष में योजित दावों, विधिक कार्यवाहियों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना, मुख्तारनामों/शपथ पत्रों पर हस्ताक्षर करना एवं अभिवचनों का सत्यापन करना अथवा इन प्रयोजनों हेतु अपना प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त करना।

वित्त अधिकारी

8. (1) वित्त अधिकारी की नियुक्ति श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट की संस्तुति पर कुलाधिपति द्वारा की जाएगी एवं उसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा एवं वह पुनर्नियुक्ति हेतु अर्ह होगा। वित्त अधिकारी की नियुक्ति की शर्तें यू.जी.सी./विनियामक निकाय के विनियम या दिशा–निर्देशों के अनुरूप होगी।

(2) वित्त अधिकारी का वेतन/मानदेय ऐसा होगा जैसा विश्वविद्यालय के विनियमों/नियमों/राज्य अधिनियम/अध्यादेशों में निर्धारित किया गया हो।

(3) वित्त अधिकारी का पद जब रिक्त हो अथवा वित्त अधिकारी जब अस्वस्थता के कारण, अनुपस्थिति या अन्य किसी कारण से अपने कार्यालय के कर्त्तव्यों के निर्वहन में असमर्थ हो, तो उसके कार्यालय के कर्त्तव्यों का निर्वहन कुलसचिव अथवा किसी ऐसे व्यक्ति, जैसा कि कुलाधिपति इस उद्देश्य हेतु कार्यवाहक नियुक्त करे, द्वारा किया जाएगा

(4) वित्त अधिकारी की निम्न शक्तियां होगी:

(क) विश्वविद्यालय की निधियों पर साधारण अधीक्षण रखेगा एवं कुलाधिपति और प्रबन्ध मण्डल को उसकी वित्तीय नीतियों के संबंध में परामर्श देगा, तथा

(ख) ऐसे अन्य वित्तीय कार्य करेगा जो कि उसे प्रबन्ध मण्डल द्वारा सौंपे गये हों अथवा परिनियमों एवं नियमों द्वारा विहित किए गए हों।

(5) प्रबन्ध मण्डल के नियंत्रण में रहते हुए वित्त अधिकारी–

(क) श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट से लीज में प्राप्त अथवा अन्य प्रकार प्राप्त की गई संपत्ति सहित विश्वविद्यालय की संपत्ति/आस्ति/गैर उपभोज्य और उचित स्टॉकिंग और स्टॉक

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

होने के साथ–साथ निवेश का मूल्यांकन/बुक वैल्यू एवं विनिधानों को धारण एवं उनका प्रबन्ध करना।

(ख) सुनिश्चित करेगा कि प्रबन्ध मण्डल द्वारा एक वर्ष के लिए निश्चित की गई आवर्तक एवं अनावर्तक व्यय की सीमा का उल्लंघन न हो एवं समस्त निधियों का व्यय उसी निमित्त हो, जिसके लिए वह विनिर्दिष्ट/स्वीकृत अथवा आवंटित की गई थी/हैं।

(ग) प्रबन्ध मण्डल को प्रस्तुत किए जाने हेतु विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखों एवं बजट को तैयार करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(घ) नगदी एवं बैंक शेषों की स्थिति पर तथा विनिधानों की स्थिति पर सतत निगरानी रखेगा और प्रबन्ध मण्डल को किसी भी असाधारण परिवर्तन की भलीभाँति सूचना देगा।

(ड.) विश्वविद्यालय में रखे जाने वाली लेखा पुस्तकों, पंजिकाओं एवं उनसे संबंधित अभिलेखों के रख–रखाव एवं परिरक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

(च) विश्वविद्यालय के लेखों के आंतरिक एवं वैधानिक लेखा परीक्षण करवाये जाने हेतु उत्तरदायी होगा।

(छ) राजस्व जमा की प्रगति की निगरानी करेगा एवं राजस्व एकत्रित करने के संभावित तरीकों को अपनाये जाने पर विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेगा।

(ज) स्थिर आस्ति पंजिका का अद्यतन रख–रखाव एवं विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित समस्त कार्यालयों, केंद्रों, प्रयोगशालाओं, महाविद्यालयों एवं संस्थाओं में ऐसी आस्तियों का वार्षिक/समयावधि, भौतिक सत्यापन किया जाना सुनिश्चित करेगा।

(झ) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित किसी भी कार्यालय, केंद्र, प्रयोगशाला, विभाग, इकाई, महाविद्यालय, संस्था अथवा अन्य निकाय से कोई सूचना/सूचनाएँ अथवा अभिलेख जिन्हें वह अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु आवश्यक माने, माँग सकेगा।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(ञ) विश्वविद्यालय की निधियों पर साधारण अधीक्षण रखेगा।

(ट) विश्वविद्यालय को किसी वित्तीय मामले में स्वप्रेरणा से अथवा उसका परामर्श माँगे जाने पर परामर्श दे सकेगा।

(ठ) आय एकत्रित करेगा, भुगतान संवित्रित करेगा एवं विश्वविद्यालय के लेखों का रख–रखाव करेगा।

(ड) किन्हीं अनाधिकृत व्यय एवं अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जाँच–पड़ताल करेगा एवं उन्हें कुलपति के संज्ञान में लाएगा तथा सक्षम प्राधिकरण को, दोषी अथवा जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में राय देगा।

(ढ) विश्वविद्यालय के लेखों का सतत आंतरिक लेखा परीक्षण करवाये जाने का प्रबन्ध करेगा एवं ऐसे देयपत्रक (बिल) जो कि इस संबंध में किन्हीं स्थायी आदेशों के अनुसार आवश्यक हों उनका पूर्व लेखा परीक्षण करेगा।

(ण) वित्तीय मामलों के संबंध में ऐसे अन्य कार्य करेगा जो कि उसको प्रबन्ध मण्डल अथवा कुलपति द्वारा सौंपे गये हों,

अध्याय– तीन
विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी

विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी

9. (1) अधिनियम की धारा 10 में विनिर्दिष्ट अधिकारियों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अन्य अधिकारी होगें, अर्थातः–

(1) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण;

(2) विभागाध्यक्ष;

(3) कुलानुशासक;

संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण

10. (1) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण की नियुक्ति प्रबन्ध मण्डल द्वारा श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट की संस्तुति पर की जाएगी।

(2) वह अध्यापक, जिसकी नियुक्ति संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण के रूप में हुई हो, वह संकायाध्यक्ष के रूप में अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन, अध्यापक के रूप में उसके अपने कर्त्तव्यों सहित करेगा।

(3) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण का कार्यकाल दो वर्ष का होगा, जब तक

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

कि उसे प्रबन्ध मण्डल द्वारा इससे पूर्व ही पर्यवसित न कर दिया गया हो एवं प्रबन्ध मण्डल को श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट की संस्तुति पर, किसी भी संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण को, संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण के रूप में पूर्व कार्य संपादन एवं विश्वविद्यालय के छात्रों पर उसकी छाप व प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए, उसके पद पर पुनर्नियुक्ति का अधिकार होगा।

(4) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण की सहायता कुलपति के अनुमोदन पर उसके द्वारा चुने गए तीन अध्यापकों के संवर्ग द्वारा की जाएगी जो कि अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन अपने अध्यापकों के सामान्य कत्तर्व्यों के साथ–साथ करेंगे। इस प्रकार चुने गए अध्यापक सहायक संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण कहलाये जायेंगे।

(5) सहायक संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण में से एक की नियुक्ति विश्वविद्यालय की महिला अध्यापकों में से श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट की संस्तुति पर की जायेगी, जो महिला छात्रों के कल्याण की देख–रेख करेगी।

(6) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण एवं सहायक संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण का यह कर्त्तव्य होगा कि वह छात्रों की ऐसे सामान्य मामलों में जिनमें उन्हें मदद व मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, सहायता करे एवं विशेष तौर पर छात्रों एवं भावी छात्रों की निम्न मामलों में सहायता करे व परामर्श दें–

(क) विश्वविद्यालय और उसके पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाने के लिए,
(ख) उपयुक्त पाठ्यक्रम का चयन में,
(ग) आवासीय सुविधा खोजने में,
(घ) भोजनालय की व्यवस्था उपलब्ध कराने में,
(ङ) चिकित्सकीय राय और सहायता प्राप्त करने में;
(च) छात्रवृत्ति, वृत्तिका, अंशकालिक रोजगार और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करने में,
(छ) अग्रेत्तर अध्ययन हेतु भारत अथवा विदेश में सुविधा उपलब्ध कराने में,

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(ज) नियमों में उल्लिखित प्रकार से विश्वविद्यालय की परम्पराओं को बनाये रखने हेतु शैक्षिक अध्ययनों के समुचित अनुसरण में उनको संचालित करने में,

(7) उपपरिनियम 6 में अंतर्विष्ट किसी भी बात का दावा विश्वविद्यालय के किसी भी छात्र द्वारा अधिकार स्वरूप नहीं किया जाएगा, लेकिन प्रबन्ध मण्डल, संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण एवं सहायक संकायाध्यक्षों छात्र कल्याण के किन्हीं ऐसे कर्त्तव्यों को जोड़ने, संशोधित करने, परिवर्तित करने या निरसित करने हेतु सशक्त होगा।

(8) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, जब भी आवश्यक हो छात्रों के अभिभावकों से ऐसे मामलों के संबंध में जिनमें उनकी सहायता की आवश्यकता हो, संपर्क स्थापित कर सकेगा।

(9) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के अधीक्षक अथवा सहायक अधीक्षक एवं चिकित्साधिकारी पर सामान्य नियंत्रण रखेगा। वह ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का भी निर्वहन करेगा जो कि उसे प्रबन्ध मण्डल अथवा कुलपति द्वारा सौंपे गये हों। ।

(10) कुलपति, किसी छात्र के विरुद्ध अनुशासनात्मक आधार पर कोई कार्यवाही करने से पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण से परामर्श ले सकेगा।

(11) संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण को विश्वविद्यालय के कोष में से मानदेय की ऐसी धनराशि संदाय की जायेगी जो कि कुलाधिपति निश्चित करे।

विभागाध्यक्ष

11 विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग में वरिष्ठतम अध्यापक विभागाध्यक्ष होगा। यद्यपि, प्रबन्ध मण्डल के पास विभागाध्यक्ष को हटाने अथवा बदलने का विकल्प होगा।

कुलानुशासक

12 (1) कुलानुशासक का चयन विश्वविद्यालय के अध्यापकों में से प्रबन्ध मण्डल द्वारा श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट की संस्तुति पर किया जायेगा। कुलानुशासक, विश्वविद्यालय के छात्रों के संबंध में कुलपति की उसके अनुशासनिक प्राधिकार के प्रयोग में सहायता करेगा एवं अनुशासन के संबंध में ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा, जो कि उसे कुलपति द्वारा इस संबंध में सौंपे जायें। कुलानुशासक की सहायता सहायक कुलानुशासकों द्वारा

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

की जायेगी, जिनकी संख्या प्रबन्ध मण्डल द्वारा समय–समय पर निश्चित की जायेगी। कुलपति द्वारा कुलानुशासक के परामर्श से सहायक कुलानुशासक का चयन किया जायेगा।

(2) कुलानुशासक तथा सहायक कुलानुशासक अपना कार्यभार एक वर्ष के लिए धारण करेंगे और वह पुनर्चयन के लिए अर्ह होंगे:

परन्तु उत्तराधिकारी के चुने जाने तक कुलानुशासक तथा सहायक कुलानुशासक अपने पद पर बने रहेंगे।

तथापि प्रबन्ध मण्डल, कुलपति की संस्तुति पर कथित अवधि से पूर्व कुलानुशासक और सहायक कुलानुशासक को हटा सकेगा।

अध्याय–चार

विश्वविद्यालय के प्राधिकारी

व्यवस्थापक मण्डल

13. (1) व्यवस्थापक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता कुलाधिपति करेगा। उसकी अनुपस्थिति में कुलाधिपति द्वारा नामित कोई सदस्य ऐसी विशेष बैठक की अध्यक्षता करेगा।

(2) उत्तराखण्ड के शिक्षाविद् एवं कुलाधिपति द्वारा अनुमोदित उत्तराखण्ड विधानसभा के तीन विधायकगण, अधिमान्यता से व्यवस्थापक मण्डल में सदस्य होगें।

(3) व्यवस्थापक मण्डल की किसी भी बैठक के लिए गणपूर्ति व्यवस्थापक मण्डल के कम से कम सात सदस्य की होगी।

(4) पदेन सदस्यों के सिवाय, व्यवस्थापक मण्डल के सभी सदस्य, अपने नियुक्ति की तिथि से 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए सदस्य होगें एवं पुनर्नियुक्ति के पात्र होगें;

परन्तु यह कि विधानसभा के तीन माननीय सदस्य जो कि व्यवस्थापक मण्डल के सदस्य हो, विधानसभा की सदस्यता से हटते ही व्यवस्थापक मण्डल के सदस्य भी नहीं रहेंगे।

(5) व्यवस्थापक मण्डल वर्ष में तीन बैठक ऐसे समय और स्थान पर होगी, जैसा कि कुलाधिपति उचित समझें।

(6) व्यवस्थापक मण्डल के लिए यह आवश्यक होगा कि वह कुलाधिपति

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

के परामर्श एवं निर्देशों पर प्रेक्षक अथवा प्रेक्षकों को नामित करे और ऐसे एक अथवा अधिक प्रेक्षक समय–समय पर वह नीति एवं प्रारूप निर्धारित करेंगे जिसके अंतर्गत प्रबन्ध मण्डल, शैक्षिक परिषद्, वित्त समिति, परीक्षा समिति, प्रवेश समिति, अनुशासनिक समिति एवं ऐसे अन्य प्राधिकरण/समितियाँ जिन्हें वर्तमान परिनियमों में इसके पश्चात उपदर्शित किया गया है, विश्वविद्यालय के समुचित प्रशासन हेतु कार्य करेंगे एवं प्रस्ताव पारित करेंगे।

प्रबन्ध मण्डल

14. (1) प्रबन्ध मण्डल की बैठक का आयोजन एवं अध्यक्षता कुलपति द्वारा की जायेगी।

(2) कुलसचिव प्रबन्ध मण्डल का सचिव होगा, परन्तु प्रबन्ध मण्डल की बैठकों में उसे मतदान का अधिकार नहीं होगा।

(3) प्रबन्ध मण्डल विश्वविद्यालय का कार्यकारी निकाय होगा।

(4) प्रबन्ध मण्डल के पदेन सदस्यों के अतिरिक्त समस्त सदस्य अपना पद, उनके नामांकन अथवा ऐसी नियुक्ति की दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिए धारण करेंगे।

(5) प्रबन्ध मण्डल के पास विश्वविद्यालय के राजस्व एवं संपत्तियों के प्रबन्धन व प्रशासन एवं विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक व शैक्षिक काम–काज, जो अन्यथा उपबंधित न हों, के संचालन की शक्ति होगी।

(6) उक्त परिनियमों एवं नियमों और विनियमों के अधीन प्रबन्ध मण्डल के पास उसमें निहित समस्त शक्तियों के अतिरिक्त निम्न शक्तियाँ होंगी अर्थात् :–

(क) शिक्षक व शैक्षिक पदों का सृजन अथवा समाप्त करना, ऐसे पदों की संख्या एवं परिलब्धियां अवधारित करना, एवं अध्यापकों तथा अन्य शैक्षिक कर्मचारीवृन्द व विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित महाविद्यालय एवं संस्थाओं के प्रधानों के कर्त्तव्यों एवं सेवा की शर्तों को परिभाषित करना;

परन्तु यह कि प्रबन्ध मण्डल विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों व शैक्षिक कर्मचारीवृंद की संख्या व अर्हताओं के संबंध में शैक्षिक परिषद् की संस्तुतियों पर विचार कर सकेगा;

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव.
उत्तराखण्ड शासन

(ख) यदि आवश्यक हो तो ऐसे शिक्षकों एवं अन्य शैक्षिक कर्मचारीवृंद जो कि आवश्यक हों एवं विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित महाविद्यालयों एवं संस्थाओं के प्रचार्यों को प्रबन्ध मण्डल द्वारा इस हेतु समय–समय पर गठित चयन समिति की संस्तुतियों के आधार पर नियुक्त करना;

(ग) प्रशासनिक, अनुसचिवीय एवं अन्य आवश्यक पदों को सृजित करना और नियुक्ति करना;

(घ) विश्वविद्यालय के वित्त, लेखा, विनिधान, संपत्ति, व्यापार एवं समस्त अन्य प्रशासनिक काम–काज का प्रबन्ध एवं विनिमयन करना और इस हेतु जैसा वह उचित समझें अभिकर्त्ता/अभिकर्त्ताओं की नियुक्ति करना;

(ड़) वित्त समिति की संस्तुति पर एक वर्ष के लिए संपूर्ण आवर्तक एवं संपूर्ण अनावर्तक व्ययों की सीमा निर्धारित करना;

(च) अधिशेष कोष सहित विश्वविद्यालय के स्वामित्व की धनराशि का भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी ऐसे स्टॉकों, निधियों, अंशों अथवा प्रतिभूतियों में अथवा जैसा कि वह उचित समझें निवेश करना अथवा ऐसे निवेशों को समय–समय पर परिवर्तित करने की समान शक्तियों सहित अचल संपत्ति के क्रय में लगाना;

(छ) विश्वविद्यालय के लिए अथवा उसकी ओर से व्यवस्थापक मण्डल की पूर्व सहमति से किसी चल संपत्ति को बेचना, खरीदना अथवा अंतरित करना;

(ज) विश्वविद्यालय के कार्य चलाने के लिए आवश्यक भवनों, परिसरों, फर्नीचरों एवं उपकरणों तथा अन्य साज–समानों को उपलब्ध कराना;

(झ) विश्वविद्यालय की ओर से श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट के पूर्वानुमोदन पर संविदाओं को स्वीकार करना, उनमें परिवर्तन करना, उनका निष्पादन करना एवं उन्हें रद्द करना;

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(ञ) विश्वविद्यालय के कर्मचारी/कर्मचारियों एवं छात्रों की शिकायत सुनना, न्याय, निर्णय करना और यदि उचित समझा जाये, तो उसे दूर करना;

(ट) विश्वविद्यालय के लिए मोहर, अधिकार चिह्न एवं आदर्श वाक्य का चयन करना एवं उनकी अभिरक्षा एवं प्रयोग के लिए उपबंध करना;

(ठ) महिला छात्रों के लिए ऐसे उचित प्रबन्ध करना जो कि उनके रहने के लिए आवश्यक हो;

(ड) छात्रों और कर्मचारियों के मध्य अनुशासन बनाए रखना;

(ढ) अपनी किसी शक्ति को कुलपति, प्रतिकुलपति, संकायाध्यक्ष, कुलसचिव, वित्त अधिकारी और विश्वविद्यालय के ऐसे अन्य कर्मचारी अथवा प्राधिकारी अथवा उसके द्वारा नियुक्त समिति जैसे कि वह उचित समझे, को प्रत्यायोजित करना;

(ण) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखों एवं आय–व्यय विवरण के आंतरिक तथा विधिक अंकेक्षण के लिए लेखा परीक्षकों की सूची तैयार रखना;

(त) ऐसे अंतराल जो उचित समझा जाय, में विश्वविद्यालय के लेखों का आंतरिक अंकेक्षण करवाना;

(थ) अधिछात्रवृत्तियाँ, छात्रवृत्तियाँ, वृत्तिकाएँ, पदकों तथा पुरस्कारों को संस्थित करना;

(द) अतिथि प्राध्यापकों, प्रतिष्ठित प्राध्यापकों, सलाहकारों और विद्वान व्यक्तियों की नियुक्ति हेतु उपबंध करना एवं ऐसी नियुक्तियों के निबंधन और शर्तों को निश्चित करना;

(ध) प्रशिक्षु शिक्षकों/प्रशिक्षु कर्मचारियों की प्रशिक्षण अवधि, वृत्तिका एवं अन्य सुसंगत शर्तों से संबंधित नियमों एवं शर्तों को तैयार करना;

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(न) कुलाधिपति की सहमति से कोई विभाग अथवा संकाय सृजित करना, समाप्त करना अथवा उसे पुनर्गठित करना;

(प) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना एवं ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का निर्वहन करना जो कि अधिनियम अथवा परिनियमों द्वारा उसे प्रदान की जाये या उस पर अधिरोपित की जाये।

(फ) परीक्षक और मध्यस्थ को नियुक्त करना तथा हटाना और उनके शुल्क, प्राप्तियाँ, यात्राभत्ता तथा अन्य भत्ते शैक्षिक परिषद् की राय से निर्धारित करना।

(7) कोई मामला जो प्रबन्ध मण्डल के समक्ष लाया गया हो अथवा लंबित हो, जो कि विश्वविद्यालय के हित के लिए अत्यधिक महत्त्व का हो अथवा जो विश्वविद्यालय की भविष्य की नीति या रूपरेखा की विरचना करता हुआ प्रतीत हो एवं/अथवा जो कि विश्वविद्यालय की कार्यशैली को प्रभावित करता हुआ प्रतीत होता हो, प्रबन्ध मण्डल द्वारा व्यवस्थापक मण्डल को अपनी टिप्पणियों एवं परामर्श के साथ निर्दिष्ट किया जा सकेगा।

(8) प्रबन्ध मण्डल विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी के अधीनस्थ के रूप में उसके सामान्य कार्य के संपादन के दौरान उसके कार्य में उसकी उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में उप अथवा सहायक के रूप में मदद करने के लिए कोई पद सृजित एवं नियुक्त करने के लिए सक्षम होगा।

(9) प्रबन्ध मण्डल अपने कुल सदस्यों के बहुमत, अर्थात् कम से कम सात सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव से अपनी किन्हीं ऐसी शक्तियों को, जैसा वह उचित समझें विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी अथवा प्राधिकारी को प्रस्ताव में विनिर्दिष्ट ऐसी शर्तों के आधीन प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(10) विश्वविद्यालय के संचालन को राज्य अधिनियम/उपनियमों/अध्यादेशों/ के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए नियमों/परिनियमों के अनुसार परिभाषित किया जाएगा।

शैक्षिक (विद्या) परिषद

15. (1) विद्या परिषद् के निम्न सदस्य निम्नलिखित होगें: –

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन

(क) विश्वविद्यालय के कुलपति–पदेन अध्यक्ष;

(ख) विश्वविद्यालय के कुलसचिव–पदेन सचिव;

(ग) कुलाधिपति द्वारा नामित दो संकायाध्यक्ष;

(घ) कुलपति द्वारा नामित दो विभागाध्यक्ष,

(ड़) श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट द्वारा नामित पाँच विद्वान व्यक्ति;

(च) वरिष्ठता के आधार पर विश्वविद्यालय में दो प्राध्यापक। यह प्राध्यापक कुलाधिपति द्वारा दो वर्ष के लिए नामित किये जायेंगे।

(छ) कुलाधिपति द्वारा तीन वर्ष के लिए नामित–शैक्षिक श्रेष्ठता प्राप्त दो व्यक्ति;

(2) पदेन सदस्यों को छोड़कर शैक्षिक परिषद के समस्त सदस्य, उनके नामित/नियुक्ति होने की दिनांक से दो वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

(3) विश्वविद्यालय के संचालन को राज्य अधिनियम/उपनियमों/अध्यादेशों/ के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए नियमों/पनिनियमों के अनुसार परिभाषित किया जाएगा।

(4) अधिनियम एवं इन परिनियमों के उपबंधों के अधीन शैक्षिक परिषद् के पास निम्न शक्तियाँ होंगी, अर्थात्:–

(क) अध्ययन मंडल द्वारा संकायों के माध्यम से पाठ्यक्रमों से सुसंगत, प्रस्तुत किये गये प्रस्तावों को जाँचना और उन पर अपनी संस्तुति देना एवं प्रबन्ध मण्डल द्वारा विचार किये जाने हेतु सिद्धांतों एवं मापदंडों की सिफारिश करना, जिनके आधार पर परीक्षकों एवं निरीक्षकों को नियुक्त किया जाये;

(ख) व्यवस्थापक मंडल अथवा प्रबन्ध मण्डल द्वारा संदर्भित अथवा सौंपे गये किसी मामले पर अपनी आख्या देना;

(ग) अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं के डिप्लोमा और डिग्रियों के अभिज्ञान के संबंध में एवं विश्वविद्यालय के डिप्लोमा एवं डिग्रियों से उनकी समकक्षता के संबंध में अथवा विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त विभिन्न शिक्षा परिषदों द्वारा संचालित

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

इंटरमीडिएट परीक्षा के संबंध में प्रबन्ध मण्डल को परामर्श देना;

(घ) शैक्षिक मामलों के संबंध में ऐसे समस्त कर्त्तव्यों का निर्वहन करना एवं ऐसे समस्त कार्य करना जो कि अधिनियम और परिनियमों के उपबंधों के उचित संचालन हेतु आवश्यक हो;

(ड.) विश्वविद्यालय की शैक्षिक नीतियों का सामान्य पर्यवेक्षण एवं निर्देश पद्धति, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में शिक्षण, मूल्यांकन में सुधार, शोध एवं शैक्षिक स्तरों के संबंध में निदेश देना,

(च) अंर्तसंस्थागत आधार पर योजनाओं के प्रारंभ हेतु समितियों अथवा परिषदों को स्थापित करना;

(छ) सामान्य शैक्षिक हितों के मामलों पर स्वयं अथवा किसी महाविद्यालय/संकाय/परिसर अथवा प्रबन्ध मण्डल या किसी अन्य निकाय द्वारा समुचित कार्यवाही करने हेतु संदर्भ किये जाने पर विचार करना;

(ज) निम्न के संबंध में प्रबन्ध मण्डल को संस्तुति करना–

(i) विश्वविद्यालय में एवं विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित विभिन्न केंद्रों में शिक्षण पद सृजित करना एवं उन्हें समाप्त करना;

(ii) उपरोक्त उप मद (i) में उल्लिखित पदों का एवं उनके साथ संलग्न कर्त्तव्यों का वर्गीकरण करना;

(झ) संकायों के संगठन हेतु योजनाएँ बनाना एवं उपांतरित अथवा पुनरिक्षित करना तथा ऐसे संकायों को उनके अपने विषय सौंपना और प्रबन्ध मण्डल को किसी संकाय के समापन अथवा विभाजन अथवा एक संकाय के दूसरे के साथ संयोजन की समीचीनता के बारे में प्रबन्ध मण्डल को अपनी आख्या भी देना;

(ञ) विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देना;

(ट) संकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करना,

16

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(ठ) अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं की डिप्लोमा व डिग्रियों को मान्यता प्रदान करना एवं विश्वविद्यालय के डिप्लोमा एवं डिग्रियों के संबंध में उनके तत्समान मूल्य अवधारित करना;

(ड) विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित करना अथवा ऐसा करने के लिए समिति अथवा अधिकारियों को नियुक्त करना, तथा डिग्री, सम्मान, डिप्लोमा, उपाधि आदि के प्रदान अथवा अनुदान से संबंधित संस्तुति करना;

(प) निर्धारित अथवा संस्तुत पाठ्यपुस्तकों की सूची प्रकाशित करना और निर्धारित अध्ययन के पाठ्यक्रमों का विवरण प्रकाशित कराना;

(फ) प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रतिनिधानित अथवा सौंपे गये किसी मामले पर आख्या देना;

(5) शैक्षिक परिषद की बैठक कुलपति के निर्देश पर आहूत की जायेगी;

(6) बुलायी गयी बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ एवं उसमें आयोजित कार्यवृत्त के उद्धरणों की प्रतियाँ शीघ्रातिशीघ्र कुलाधिपति को प्रस्तुत की जायेगी।

वित्त समिति

16. (1) वित्त समिति निम्नवत् गठित होगी–

(क) विश्वविद्यालय के कुलपति–पदेन अध्यक्ष;;

(ख) वित्त अधिकारी–पदेन सचिव;

(ग) राज्य सरकार के उच्च शिक्षा सचिव या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे न हो;

(घ) कुलाधिपति द्वारा नामित एक सदस्य ;

(ङ) श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट द्वारा नामित तीन सदस्य, जिसमें से एक व्यक्ति का चारर्टड एकाउण्टेन्ट होना आवश्यक है;

(2) कोई व्यय जो कि बजट/वित्तीय आकलन में विचार हेतु नहीं लिया जा सका था, उसे वित्त अधिकारी द्वारा निम्नवत प्रकार से वित्त समिति को संदर्भित किया जायेगा–

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन

(क) अनावर्तक व्यय के मामले जिसमें दस हजार रुपये या उससे अधिक का व्यय सन्निहित हों

(ख) आवर्तक व्यय के मामले जिसमें तीन हजार रुपये या उससे अधिक का व्यय सन्निहित हो:

परन्तु एक हस्तांतरण में पचास हजार रुपये से अधिक व्यय की स्थिति में मामले को वित्त समिति द्वारा कुलाधिपति को संदर्भित किया जायेगा:

परन्तु अग्रेत्तर यह कि विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी अथवा प्राधिकारी को, एक मद को जिसे अनेक भागों में बांटा गया हो, एक बजट शीर्षक के अंतर्गत न्यून धनराशियों की अनेक मदों के रूप में मानने एवं उसे वित्त समिति से रोकने की अनुमति नहीं होगी,

(3) वित्त अधिकारी द्वारा तैयार किये गये वार्षिक लेखे एवं वित्तीय आकलन वित्त समिति के समक्ष विचार करने हेतु रखे जायेंगे और तदोपरांत वित्त समिति उसे व्यवस्थापक मण्डल के अनुमोदन हेतु प्रबन्ध मण्डल को प्रस्तुत करेगी।

(4) यदि प्रबन्ध मण्डल वार्षिक वित्तीय आकलन यानि बजट पर विचार करने के उपरांत किसी समय उसमें आवर्तक अथवा अनावर्तक धनराशियों के व्यय से संबंधित कोई पुनरीक्षण प्रस्तावित करें तो प्रबन्ध मण्डल ऐसे प्रस्ताव को वित्त अधिकारी से परामर्श करने के उपरांत एवं उसमें यथोचित उपांतर सम्मिलित करके वित्त समिति को संदर्भित कर देगा और वित्त समिति ऐसे प्रस्ताव के अनुसरण हेतु बाध्य होगी।

(5) वित्त समिति व्यय के समस्त मदों पर विचार करेगी और यथा शीघ्र उन पर अपनी संस्तुतियाँ तैयार कर प्रबन्ध मण्डल को संसूचित करेगी।

(6) पदों के सृजन से संबंधित समस्त प्रस्ताव एवं वह मद जिन्हें बजट में सम्मिलित नहीं किया गया है, वित्त समिति द्वारा परीक्षित की जायेगी एवं लिखित रूप से उसकी टिप्पणी सहित प्रबन्ध मण्डल के समक्ष उसके विचारणार्थ रखी जायेंगी।

(7) विश्वविद्यालय के संचालन को राज्य अधिनियम/उपनियमों/ अध्यादेशों/ के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए नियमों/पनिनियमों के अनुसार परिभाषित किया जाएगा।

लेखों की आंतरिक अंकेक्षण आख्या वित्त अधिकारी द्वारा

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

वित्त समिति को चर्चा एवं वाँछित आवश्यक कार्यवाही (यदि हो) के लिए संदर्भित की जायेगी।

लेखों की विधिक अंकेक्षण आख्या वित्त अधिकारी द्वारा वित्त समिति के समक्ष रखी जायेगी।

अध्याय–पांच
विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारी

विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारी

17. अधिनियम की धारा 23 में परिभाषित प्राधिकारियों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारी निम्नवत् होगें, अर्थात्:–

(क) अनुशासन समिति;
(ख) विभागीय समिति;
(ग) परीक्षा समिति;
(घ) प्रवेश समिति;
(ड) अध्ययन मण्डल;

अनुशासन समिति

18. (1) प्रबन्ध मण्डल विश्वविद्यालय में ऐसी अवधि के लिए जिसे वह उचित समझें एक अनुशासन समिति का गठन करेगा, जिसमें उसके द्वारा नामित तीन व्यक्ति होंगे:

परन्तु यदि प्रबन्ध मण्डल समीचीन समझें तो वह विभिन्न मामलों या मामले के वर्गों पर विचार करने के लिए ऐसी एक से अधिक समिति गठित कर सकता है।

(2) जिस अध्यापक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही का कोई मामला विचाराधीन हो, वह मामले के संबंध में कार्यवाही करने वाली अनुशासन समिति के सदस्य के रूप में कार्य नहीं करेगा।

(3) प्रबन्ध मण्डल किसी भी स्तर पर या तो स्वप्रेरणा अथवा उसको प्रार्थना पत्र दिये जाने पर किसी मामले को एक अनुशासनिक समिति के अन्य अनुशासन समिति को अंतरित कर सकेगा।

(4) अनुशासन समिति के निम्न कार्य होंगे–

(क) ऐसे मामलों में जाँच करना जिनमें विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी, अध्यापक, अधिकारी अथवा पुस्तकालयाध्यक्ष के

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अंतर्ग्रस्त हो;

(ख) खंड (क) में निर्दिष्ट किसी ऐसे कर्मचारी को निलंबित करने की सिफारिश करना, जिसके विरुद्ध कोई जाँच विचाराधीन हो या करने का विचार हो,

(ग) छात्रों के मध्य विवाद के मामलों में अनुशासन समिति मामले की जाँच करेगी और अपनी आख्या कुलपति को प्रेषित करेगी जो आवश्यक कार्यवाही करेगा;

(घ) ऐसे अन्य शक्तियों का प्रयोग करना एवं ऐसे अन्य कार्यों का निर्वहन करना जो समय–समय पर उसको प्रबन्ध मण्डल द्वारा सौंपे गये हों।

(5) समिति के सदस्यों के मध्य मतभेद होने की दशा में, बहुमत का निश्चिय अभिभावी होगा।

(6) अनुशासन समिति का विनिश्चय यथाशीघ्र प्रबन्ध मण्डल के समक्ष रख जायेगा।

(7) बुलायी गयी बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ एवं उसमें आयोजित कार्यवृत्त के उद्धरणों की प्रतियाँ शीघ्रातिशीघ्र कुलाधिपति को प्रस्तुत की जायेंगी।

विभागीय समिति

19. (1) विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षण के विभाग में विभागाध्यक्ष की सहायता के लिए एक विभागीय समिति होगी।

(2) विभागीय समिति निम्नलिखित गठित होगी–

(क) विभागाध्यक्ष, –अध्यक्ष होगा;

(ख) विभाग के समस्त आचार्य और यदि आचार्य न हो तो समस्त सह आचार्य;

(ग) यदि किसी विभाग में आचार्य हो, सह आचार्य भी हो तो ज्येष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से दो वर्ष की अवधि के लिए दो सह आचार्य;

(घ) यदि किसी विभाग में सह आचार्य एवं सहायक आचार्य भी हों तो एक सहायक आचार्य और यदि ऐसे विभाग में कोई सह

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

आचार्य न हो तो दो सहायक आचार्य ज्येष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से दो वर्ष की अवधि के लिए;

परन्तु किसी ऐसे प्रकरण, जिसमें कोई विषय विशेष या विशिष्टता हो, तो उस विषय विशेष या विशिष्टता के वरिष्ठतम अध्यापक, जो कि समिति के पूर्व से सम्मिलित नहीं हो, को उस विषय विशेष के लिए विशेषतः आमंत्रित किया जायेगा।

(3) विभागीय समिति के निम्नलिखित कार्य होंगे

(क) विभाग के अध्यापकों के मध्य अध्यापन कार्य के वितरण की संस्तुति करना;

(ख) विभाग में शोधकार्य एवं अन्य कार्यों के समन्वय के संबंध में सुझाव देना;

(ग) विभाग में कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति हेतु संस्तुति करना,

(घ) विभाग के सामान्य और शैक्षिक रुचि के मामलों पर विचार करना।

(4) विभागीय समिति तिमाही में कम से कम एक बैठक करेगी। बैठक का कार्यवृत्त प्रति–कुलपति व कुलपति को प्रस्तुत किया जायेगा।

(5) बुलायी गयी बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ एवं उसमें आयोजित कार्यवृत्त के उद्धरणों की प्रतियाँ शीघ्रातिशीघ्र कुलाधिपति को प्रस्तुत की जायेगी।

परीक्षा समिति

20. (1) परीक्षा समिति की संरचना निम्नवत् होगी–

(क) विश्वविद्यालय का कुलपति–अध्यक्ष,

(ख) दो वर्ष की अवधि के लिए वरिष्ठता के आधार पर दो संकायाध्यक्ष/प्राचार्य,

(ग) वरिष्ठता के आधार पर दो प्राध्यापक जो संकायाध्यक्ष/प्राचार्य पद का ग्रहण नहीं किये हुए हो,

(घ) एक सह आचार्य दो वर्ष की अवधि के लिए,

(ङ) कुलसचिव– पदेन सचिव

(2) परीक्षा समिति विश्वविद्यालय के समस्त परीक्षा कार्य के लिए उत्तरदायी होगी एवं वह प्रबन्ध मण्डल के सीधे नियंत्रण में कार्य

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

करेगी।

(3) परीक्षा समिति उप समिति की संस्तुति पर किसी परीक्षार्थी को किसी परीक्षा में बैठने से वंचित कर सकेगी। यदि ऐसा परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किसी परीक्षा में दुर्व्यवहार अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग करने का दोषी पाया गया हो।

(4) बुलायी गयी बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ एवं उसमें आयोजित कार्यवृत्त के उद्धरणों की प्रतियाँ कुलाधिपति को प्रस्तुत की जायेगी।

प्रवेश समिति

21. (1) प्रवेश समिति की संरचना निम्नवत् होगी–

(क) विश्वविद्यालय का कुलपति–अध्यक्ष,
(ख) दो वर्ष की अवधि के लिए वरिष्ठता के आधार पर दो संकायाध्यक्ष/प्राचार्य,
(ग) वित्त अधिकारी द्वारा नामित एक सदस्य,
(घ) कुलसचिव– पदेन सचिव,
(ड़) कुलाधिपति द्वारा नामित एक सदस्य,
(च) श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट द्वारा नामित दो सदस्य।

(2) प्रवेश समिति विश्वविद्यालय के समस्त प्रवेश कार्यों के लिए उत्तरदायी होगी और वह प्रबन्ध मण्डल के सीधे नियंत्रण में कार्य करेगी।

(3) बुलायी गयी बैठकों की कार्यसूची की प्रतियाँ एवं उसमें आयोजित कार्यवृत्त के उद्धरणों की प्रतियां कुलाधिपति को प्रस्तुत की जायेगी।

अध्ययन मण्डल

22. (1) प्रत्येक विषय जो कि उपाधि, डिप्लोमा अथवा प्रमाण पत्र के लिए विहित हो, के लिए एक अध्ययन मंडल होगा। शैक्षिक परिषद्, प्रबन्ध मण्डल की सहमति से एक ही अध्ययन मंडल को दो अथवा अधिक सहबद्ध विषय चाहे वह एक ही संकाय अथवा विभिन्न संकायों को सौंपे गये हों, के लिए सक्षम होगा।

(2) अध्ययन मंडल निम्न प्रकार से गठित होगा–

(क) कुलाधिपति द्वारा नामित एक व्यक्ति;
(ख) संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक)– (समन्वयक)
(ग) कुलपति द्वारा नामित दो व्यक्ति, विषय के विशेषज्ञ;

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(घ) संबंधित विभाग के वरिष्ठता के क्रम में चक्रानुक्रम के दो अध्यापक;

(3) अध्ययन मंडल के सदस्य तीन वर्ष के अवधि के लिए कार्यकाल धारण करेंगे। अध्ययन मंडल के कार्यकाल के दौरान कोई रिक्ति उत्पन्न होने की स्थिति में अध्ययन मंडल के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए नये सदस्य को नियुक्त किया जायेगा।

(4) अध्ययन मंडल के निम्न कार्य होंगे–

(क) अध्ययन के नये पाठ्यक्रमों से संबंधित प्रस्ताव आरंभ करना एवं वर्तमान पाठ्यक्रम में यथोचित परिवर्तन करना;

(ख) विभिन्न उपाधियों, डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्रों के लिए आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों के रूप में नियुक्ति किये जाने वाले अर्ह व्यक्तियों की सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु यथोचित व्यक्तियों की संस्तुति करना।

(5) अध्ययन मंडल के कम से कम पचास प्रतिशत सदस्य उसकी बैठक की गणपूर्ति करेंगे।

(6) प्रत्येक अध्ययन मंडल वर्ष में कम से कम एक बार विभिन्न परीक्षाओं के अध्ययन के पाठ्यक्रम, जिससे वह संबंधित है, तैयार करने के लिए बैठक करेगा। पाठ्यक्रम उस परीक्षा से जिसके लिए वह विहित किये जाने हेतु आशयित हैं कम से कम छः माह पूर्व तैयार किये जायेंगे।

(7) टिप्पणी एवं/अथवा प्रस्ताव यदि कोई हों, जो कि शैक्षिक परिषद्, प्रबन्ध मण्डल अथवा व्यवस्थापक मंडल से प्राप्त किये गये हों, संयोजक को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित किये जायेंगे।

(8) अध्ययन मंडल द्वारा लिये गये समस्त निर्णय एवं पारित किये गये समस्त प्रस्ताव, शैक्षिक परिषद के समक्ष, उसके अंतिम अनुमोदन हेतु रखे जायेंगे। यदि शैक्षिक परिषद् की बैठक, सेमेस्टर, जिसके लिए पाठ्यक्रम तैयार किया गया था, प्रारंभ होने से पूर्व नहीं होती है, तो प्रति कुलपति/कुलपति शैक्षिक परिषद के अनुमोदन के पूर्वानुमान से अध्ययन मंडल के निर्णय के कार्यान्वयन का आदेश देने हेतु सक्षम होगा और जैसे ही शैक्षिक परिषद की प्रथम बैठक आयोजित होती है, अध्ययन मंडल के ऐसे समस्त निर्णय एवं प्रस्ताव शैक्षिक परिषद के समक्ष, उसके अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जायेंगे।

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

अध्याय–छः

विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों, अध्यापकों व कर्मचारियों की भर्ती की रीति एवं सेवा शर्ते

नियुक्ति की रीति एवं सेवा शर्ते

23. अधिकारियों, शैक्षणिक कर्मियों, प्रशासनिक कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु पात्रता का मापदण्ड ऐसा होगा जैसा सेवा नियमावली द्वारा निर्धारित किया जाय।

अध्यापकों का वर्गीकरण

24 (1) विश्वविद्यालय के अध्यापकों के निम्न संवर्ग होंगे–

(क) आचार्य
(ख) सह–आचार्य
(ग) सहायक आचार्य

(2) विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों तथा अन्य शैक्षणिक पदों की योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/अन्य सांवधिक निकायों के विनियमों के अनुसार होगी। सभी प्रकार के शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति की प्रकिया एवं वेतन तथा परिलब्धियां ऐसे होंगे जैसे कि विश्वविद्यालय के विनियमों/नियमों में निर्धारित किया गया हो।

विश्वविद्यालय के अध्यापकों की अवकाश नियमावली

25 (1) अवकाश निम्न प्रकार के होंगे–

(क) आकस्मिक अवकाश,
(ख) विशेषाधिकार अवकाश,
(ग) चिकित्सा अवकाश,
(घ) असाधारण अवकाश,
(ङ) प्रसूति अवकाश

(2) आकस्मिक अवकाश पूर्ण वेतन पर दिया जायेगा जो कि एक मास में पाँच दिन अथवा बारह मास के एक शैक्षिक सत्र में दस दिन (दो स्थानीय अवकाश सहित) से ज्यादा नहीं होगा और वह संचित नहीं होगा। सामान्यतः इन्हें अन्य अवकाशों के साथ जोड़ा नहीं जायेगा, किन्तु विशेष परिस्थितियों में कुलपति इस शर्त का अधित्यजन, उन कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, कर सकेगा।

(3) एक शैक्षिक सत्र में दस कार्य–दिवस तक का विशेषाधिकार अवकाश पूर्ण वेतन पर होगा और यह अधिकतम तीस कार्य–दिवसों तक

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

संचित किया जा सकता है।

(4) वैध चिकित्सा प्रमाण पत्र के प्रस्तुत किये जाने पर चिकित्सा अवकाश एक शैक्षिक सत्र में अधिकतम पंद्रह कार्य–दिवसों के लिए अर्ध वेतन पर दिया जायेगा।

(5) असाधारण अवकाश बिना वेतन के होगा। यह प्रारंभ में ऐसे कारणों से जिन्हें प्रबन्ध मण्डल उचित समझे, तीन माह से अनाधिक अवधि के लिए दी जा सकती है, किंतु विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में छः माह (पहले के तीन माह सहित) से अनाधिक अवधि तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

(6) अध्यापिकाओं को ऐसी अवधि के लिए प्रसूति अवकाश, जो प्रसूति के प्रारंभ होने के दिनांक से छः माह तक अथवा प्रसवावस्था के दिनांक से बारह सप्ताह तक, जो भी पहले हो, पूर्ण वेतन पर दिया जा सकता है:

परन्तु यह कि ऐसा अवकाश अध्यापिका के एक सेवा अवधि में एक बार से अधिक नहीं दिया जायेगा।

(7) अवकाश अधिकार–स्वरूप नहीं माँगा जा सकता है। परिस्थिति की अत्यावश्यकता को देखते हुए स्वीकृति प्राधिकारी किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत करने से इंकार कर सकता है और यहाँ तक कि पहले से ही स्वीकृत अवकाश को भी रद्द कर सकता है।

(8) असाधारण अवकाश को छोड़कर, जो प्रबन्ध मण्डल द्वारा स्वीकृत किया जायेगा, अवकाश स्वीकृति करने के लिए सक्षम प्राधिकारी कुलपति होगा।

अध्यापकों/कर्मचारियों के लिए आचार संहिता– 26. जो अध्यापक/कर्मचारियों अपने उत्तरदायित्वों के प्रति तथा युवकों के चरित्र–निर्माण एवं ज्ञान, बौद्धिक स्वतंत्रता और सामाजिक प्रगति को अग्रसर करने के संबंध में जो विश्वास उसमें निहित किया गया है, उसके प्रति जागरूक है, उन अध्यापकों में इस बात का अनुभव करने की आशा की जाती है कि वह नैतिक–नेतृत्व की अपनी भूमिका का निर्वाह समर्पण, नैतिकनिष्ठा तथा मन, वचन एवं कर्म में पवित्रता की भावना से ओत–प्रोत रहकर उपदेश की अपेक्षा आचरण द्वारा अधिक करेगा।

अतः उसकी वृत्ति की गरिमा के अनुरूप यह आचरण–संहिता बनायी जाती है, जिसका पालन विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा वस्तुतः निष्ठापूर्वक किया जाये–

(एम0एम0सेमवाल)
अपर सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(क) प्रत्येक अध्यापक/कर्मचारी अपने कर्त्तव्यों, समनुदेशित या विवक्षित, का पालन पूर्ण निष्ठा एवं कर्त्तव्यपरायणता से करेगा;

(ख) कोई भी अध्यापक/कर्मचारी छात्रों का अभिनिर्धारण करने में न तो कोई पक्षपात या पूर्वाग्रह प्रदर्शित करेगा और न ही उन्हें उत्पीडित करेगा;

(ग) कोई भी अध्यापक/कर्मचारी किसी एक छात्र को अन्य छात्र के विरुद्ध या अपने साथी अध्यापकों या विश्वविद्यालय के विरुद्ध उद्दीप्त नहीं करेगा;

(घ) कोई भी अध्यापक/कर्मचारी जाति, मत, पंथ, धर्म, लिंग, राष्ट्रीयता या भाषा के आधार पर छात्रों में भेद–भाव नहीं करेगा। वह अपने साथियों, अधीनस्थ व्यक्तियों तथा छात्रों में भी ऐसी प्रवृत्तियों को हतोत्साहित करेगा और अपने भविष्य की उन्नति के लिए उपर्युक्त विचारों का प्रयोग करने की चेष्टा नहीं करेगा;

(ङ) कोई भी अध्यापक/कर्मचारी, यथास्थिति विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के समुचित निकायों तथा कृत्यकारियों के विनिश्चियों को कार्यान्वित करने से इंकार नहीं करेगा;

(च) कोई भी अध्यापक/कर्मचारी, यथास्थिति, विश्वविद्यालय या महाविद्यालय के कार्यकलापों से संबंधित कोई गोपनीय सूचना किसी ऐसे व्यक्ति पर प्रकट नहीं करेगा जो उसके संबंध में प्राधिकृत न हो;

